हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से चार दिनों तक गर्मी से रहेगी राहत




प्रवेश सूचना

BMLT (1 years) | DMLT (2 years)

DXRT (1 years) | O.T. (1 years)

D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (1 years)

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

अम्बिकापुर 7440435000

रायपुर 7440434000


## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज की बैठक सियान सदन में आज

**अम्बिकापुर।** पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक 11 मई शाम 4.30 बजे सियान सदन में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनर्स के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा उपरांत उपस्थित सदस्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि हर महीने के दूसरे शनिवार को समाज की मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाता है।

### तकिया उर्स के लिए शांति समिति की बैठक 13 को

**अम्बिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरदशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स 20, 21 एवं 22 मई को मनाया जाएगा। तकिया मजार शरीफ में ऊर्स कार्यक्रम शांति पूर्वक मनाये जाने के संबंध में आवश्यक तैयारी हेतु कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 13 मई को सायं 4 बजे आयोजित की गई है। सर्व संबंधितों से उक्त बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### चोरों ने मंदिर की दान पेटी एवं अलमारी से पार किया 4.65 लाख

**अम्बिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में लूटपाट व चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। आलम यह है कि चोर अलग-अलग क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने में लगे है। बीती रात भी चोरों ने किसी घर में बल्कि मंदिर का ताला तोड़ दानपेटी व अलमारी से 4 लाख 65 हजार से अधिक नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार अजिरमा स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी निर्मल विश्वास हर रोज की भांति बीती रात पूर्जा अर्चना करने के पश्चात 10 बजे मंदिर में ताला लगा कर घर चला गया। आज तड़के 5 बजे मंदिर आया तो देखा मंदिर के गेट में लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर गया तो देखा दानपेटी व अलमारी खुला हुआ था। मंदिर में चोरी होने की सूचना पुजारी ने मंदिर समिति के अध्यक्ष को दी। कुछ समय बाद मंदिर में चोरी होने की जानकारी लगते ही अध्यक्ष सहित समिति सदस्य मौके पर पहुंच गए। समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों के मुताबिक चोरों ने दान पेटी व अलमारी में रखे नगद 4 लाख 65 हजार 741 रूपए के अलावा अलमारी के अन्य सामान को चोरी कर ले गए। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने घटना की शिकायत गांधीनगर थाने में की है। शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# टीबी मुक्त देश बनाने अब वयस्कों को भी लगाया जाएगा बीसीजी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- टीकाकरण से पहले ली जाएगी अनुमति, तीन वर्ष तक स्वास्थ्य विभाग रखेगा नजर

देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। भारत सरकार के सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अब वयस्कों को भी बीसीजी का टीका लगाने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत अब 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को लगाया जाएगा। इस हेतु कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता के नेतृत्व में बीसीजी वैक्सीनेशन के लिए कार्यशाला व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में बीएमओ, अस्पताल सलाहकार, बीपीएम, बीटीओ, व अन्य स्वाथ्यकर्मी शामिल हुए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने बताया गया कि मौजूदा समय मे अभी तक टीबी की रोकथाम हेतु 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बीसीजी वैक्सीन की एक डोज दी जाती है परन्तु अब 16 देशों में हुए अध्ययन के बाद भारत मे सेंट्रल टीबी डिवीजन के द्वारा देश को टीबी मुक्त बनाने हेतु वर्ष 2025 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लिए टीबी बीमारी की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिये निर्णायक वार के रूप मे वयस्कों मे बीसीजी का टीका दिये जाने हेतु निर्णय लिया गया है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बीसीजी का टीका दिया जाता है व टीबी मरीजों के संपर्क मे रहने वाले लोगो को टीपीटी दी जाती है लेकिन यह व्ययस्कों एवं बुजूर्गो मे टीबी की



बैठक में जानकारी देते अधिकारी।

रोकथाम मे ज्यादा कारगर साबित नही हुयी है इस वजह से टीबी की रोकथाम चुनौती बनी हुयी है व टीबी की बिमारी हर उम्र के लोगो मे देखी जा रही है। बुजुर्ग व धूम्रपान करने वाले लोग टीबी से अधिक ग्रसित होते है। जिला क्षय अधिकारी ने डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि वर्तमान मे बीसीजी का टीकाकरण के पूर्व पात्र व्यक्ति से सहमति ली जायेगी और उन परिवारों को चिन्हांकित किया जाएगा जिनके परिवार मे कभी टीबी मरीज रहे है व बीसीजी का टीका 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग जिन लोगो को पिछले 5 वर्ष मे एक बार भी टीबी बिमारी हुयी हो। 60 वर्ष और उससे अधिक के बुजूर्ग, धुम्रपान करने वाले, पिछले 03 साल से टीबी रोगियों के सम्पर्क मे आने वाले लोग, मधुमेह से पिड़ति व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति ही टीकाकरण हेतु पात्र होंगे, तथा सभी वर्गो मे टीकाकरण स्वेच्छा से होगा। एक्टिव टीबी के केस टीकाकरण हेतु पात्र नहीं होंगे। टीकाकरण उपरांत टीका दिये जाने वाले लोगों को 3 वर्ष तक निश्चित समय अंतराल मे फॉलो अप कर पता लगाया जाएगा कि टीका कितना कारगर सिद्ध हुआ। बीसीजी का टीका यदि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दिया जाता है तो 5 से 6 साल तक प्रभावकारी होता है परन्तु वयस्कों में बीसीजी का टीका का असर 15-16 साल तक टीबी रोग प्रतिरोधक क्षमता निर्मित करता है जिससे यह टीका टीबी मुक्त करने की दिशा मे महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी व वरदान साबित होगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजेष भजगावली ने बताया कि सबसे पहले विकासखण्ड स्तर पर इस संबंध मे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा व प्रशिक्षण उपरांत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे कर टीकाकरण हेतु पात्र व्यक्ति का चिन्हांकन करेंगे।

### जिले में 222 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले में वर्तमान मे 222 ग्राम पंचायत (अंबिकापुर-57, लुण्ड्रा-36, बतौली-26, सीतापुर-17, मैनपाट-15, लखनपुर-45, उदयपुर-26) टीबी मुक्त किए गए है जिसमे विगत वर्ष प्रति एक हजार की जनसंख्या मे एक या एक से कम टीबी मरीज पाए गए है। वर्तमान में सरगुजा में टीबी के मरीज मिल रहे है यह बिमारी फेफड़ा, मस्तिष्क, किडनी, रिड की हड्डी को प्रभावित करता है, तथा खॉसने, छिकने से फैलने वाली बिमारी है, इस बिमारी मे उच्च जोखिम के अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति जो टीबी मरीज के सम्पर्क मे आता हो, सघन आबादी वाले क्षेत्र मे रहता हो, धुम्रपान करता हो, एचआईव्ही रोग से पिड़त हो, कुपोषित हो, मधुमेह का मरीज हो, 60 वर्ष से अधिक उम्र का बुजूर्ग हो, लाईलाज बिमारी की दवाई का नियमित सेवन करता हो, फेफड़े की कोई बिमारी हो को टीबी बिमारी होने की संभावना ज्यादा होती है। जिले मे वर्ष 2019 मे 1268, वर्ष 2020 मे 673, वर्ष 2021 मे 653, वर्ष 2022 मे 1090, वर्ष 2023 मे 1318 टीबी मरीजो चिन्हांकित किया गया है।

## स्वामी आत्मानंद, एकलव्य समेत अन्य स्कूलों को किया गया शामिल

# सरगुजा के तीन जिलों से 26 उमावि पीएमश्री स्कूलों का भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- संचालित हो रही हैं जिले में 8 पीएमश्री प्राथमिक शालाएं

सरगुजा संभाग के तीन जिलों में कुल 26 स्कूलों को पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तब्दील करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। तीनों जिलों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के उन्नयन हेतु प्रस्ताव बनाकर तैयार कर लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इनमें सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही गाइडलाइन के अनुसार शिक्षकों, गार्डन व इंफ्रा स्ट्रक्चर पर काम किया जाएगा। इस बीच पीएम श्री के प्राइमरी स्कूलों का संचालन पुरानी व्यवस्था के अनुरूप ही किया जा रहा है। बता दें कि नई शिक्षा नीति के तहत देशभर में पीएम श्री स्कूलों का संचालन करने की योजना बनाई गई है। पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के तहत इनका संचालन किया जाना है। भारत सरकार द्वारा 7 दिसंबर 2022 को पीएम श्री योजना को मंजूरी दी गई थी जिसके तहत ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करेंगे तथा समय के साथ एक मॉडल स्कूल के रूप में उभरेंगे। जिससे ये स्कूल अपने आस-पास के सभी स्कूलों का भी नेतृत्व करेंगे। पीएम श्री स्कूल एक समान समावेशी एवं आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाएं होंगी। जिसमें विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं और बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का विकास करना और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों के स्वयं के सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत विगत वर्ष सरगुजा जिले में 8 प्राइमरी स्कूलों का चयन पीएम श्री के तहत किया गया था। जिले से अम्बिकापुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला जूना पारा, प्राथमिक शाला नगर पालिका अंबिकापुर, बतौली में प्राथमिक शाला झरगंवा, लखनपुर में प्राथमिक शाला बालक लहपटरा, लुण्ड्रा में प्राथमिक शाला कर्रा, मैनपाट में प्राथमिक शाला हर्रामार, सीतापुर में प्राथमिक शाला गेरसा तथा उदयपुर विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला बालक सलका शामिल है। इन स्कूलों को पीएम श्री के नाम से संचालित किया गया लेकिन सुविधाओं में विस्तार व अन्य सुधार कार्य नहीं किए गए। इस सत्र में भी इन स्कूलों का संचालन किया जा रहा है लेकिन फिलहाल स्कूल के इंफ़्रा स्ट्रक्चर, शिक्षकों की भर्ती व अन्य सुविधाओं का विस्तार नहीं किया जा सका है। अब अधिकारी आदर्श आचार संहिता समाप्ति के बाद कार्य प्रारम्भ होने की बात कह रहे है।



### सरगुजा में एकलव्य समेत 7 सेजेस का होगा उन्नयन

इस वर्ष से शासन द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को पीएम श्री में तब्दील करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सभी जिलों से प्रस्ताव मंगवाए गए थे। शिक्षा विभाग द्वारा सरगुजा जिले के कुल 7 स्कूलों का प्रस्ताव पीएम श्री उमावि के लिए तैयार किया गया है। इनमें मैनपाट से एकलव्य आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उमावि को लिया गया है जबकि अंबिकापुर को छोड़कर सभी विकासखंडों से एक एक स्वामी आत्मानंद का चयन कर प्रस्ताव तैयार किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा और फिर वहां से स्वीकृति मिलने के बाद इन स्कूलों का संचालन पीएमश्री के रूप में किया जाएगा।

### बलरामपुर में सर्वाधिक 12, सूरजपुर जिले में 7 का चयन

संभाग के बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 12 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को पीएम श्री में तब्दील करने की योजना बनाई गई है। जिले के आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूलों को पीएमश्री उन्नयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसी तरह सूरजपुर जिले में 7 आत्मानंद स्कूलों का उन्नयन किया जाना है। इनमें प्रतापपुर को छोड़कर तीन विकासखंड से 2-2 व एक विकासखंड से एक स्कूल का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### बनाया गया है प्रस्ताव

जिले में पीएम श्री के प्राइमरी स्कूल पहले से संचालित हो रहे है और इस वर्ष हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन किया जाना है। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एक एकलव्य आवासीय विद्यालय व 6 आत्मानंद स्कूलों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर अन्य व्यवस्थाएं की जाएगी।

-अशोक सिन्हा, डीईओ



घटना स्थल पर लोगों की भीड़।

# टाटा मैजिक व कार में भिड़ंत दो युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/बतौली

- शांतिपारा पुलिया के समीप हुई घटना, अस्पताल में भर्ती बेटे को लेने जा रहा था पिता

शुक्रवार की शाम एनएच 43 पर शांतिपारा पुलिया के समीप कार व टाटा मैजिक वाहन के बीच हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के बाद टाटा मैजिक वाहक का चालक समेत सवार तीनों लोग बुरी तरह से फंस गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घटना में टाटा मैजिक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई है लेकिन फ़लिहाल इनमें से एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। टाटा मैजिक चालक युवक अस्पताल में भर्ती अपने बेटे को लेने जा रहा था। गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर निवासी 40 वर्षीय उमा कांत पांडेय आ. शशिकांत पांडेय, सोनतराई निवासी जयेश्वर सिंह शुक्रवार को किसी काम से अपनी ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 15 डीई 6291 से अंबिकापुर आए हुए थे। दोनों दिन में अपना काम निपटाने के बाद शाम को वापस सीतापुर लौट रहे थे। जबकि कुमीकेला पत्थलगांव निवासी प्रकाश उर्फ बउ आ. जग्गू सतनाम का बेटा अंबिकापुर के निर्मला हॉस्पिटल में भर्ती है जिसे लेने के लिए अपने भांजा 16 वर्षीय अनुराग तांडेय आ. कुसुम तांडेय व एक अन्य के साथ टाटा मैजिक क्रमांक सीजी 14 एमआर 6095 से अंबिकापुर जा रहा था। इस दौरान 6 बजे शांतिपारा पुलिया के समीप टाटा मैजिक व ब्रेजा कार के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टाटा मैजिक वाहन में चालक समेत तीनों लोग बुरी तरह से फंस गए और घटना में टाटा मैजिक चालक प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पहले कार सवारों को पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि टाटा मैजिक में फंसे लोगों को आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने प्रकश उर्फ बऊ को मृत घोषित कर दिया वहीं घटना में एक अन्य युवक की भी मौत हो गई है लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 35 से 40 बताई जा रही है। वहीं इस घटना में कार सवार उमा कांत पांडेय, जयेश्वर सिंह व टाटा मैजिक सवार अनुराग पांडेय गंभीर रूप से घायल हुए है। इनमें अनुराग पांडेय के दोनों पैर टूट गए है। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा वाहनों को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। इधर घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। वहीं घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

पुरानी रंजिश को लेकर साथ काम करने वाले वृद्ध को धारदार लकड़ी से मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय नया बस स्टैंड में सोमेश्वर गुप्ता के चिकन दुकान में काम करने वाला बजरंगी कुशवाहा द्वारा आपसी विवाद पर अपने ही साथ काम करने वाले साथी ग्राम तुकुदाड़ निवासी रामदास आ. पांडे गोड (60 वर्ष) पर बस स्टैंड पास में रोड पर धारदार लकड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए रामदास को अस्पताल लाया गया जहां उसकी



मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में हत्या करने का पुष्टि पाए जाने पर पुलिस ने आरोप के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार और डंडा बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो की शराब दुकान व नया बस स्टैंड सहित चीखना दुकान भी संचालित हो रहे हैं जहां आए दिन न सिर्फ विवाद की स्थिति निर्मित होती है बल्कि मारपीट की घटना आम हो गई है। कार्रवाई में एसडीओपी अरुण नेताम, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह, उप निरीक्षक विवेक कुमार खलखो, हीरालाल साहू, रजनीश त्रिपाठी, रामदीन श्यामल, राहुल गुप्ता, भूपेंद्र , अवधेश कुशवाहा, अपील चौधरी, मंगलेश्वर ,निशांत टोप्पो, अभिमन्यु, महेश्वरी, अरविंद पांडे, इंद्र जीत सिंह सक्रिय थे।

### अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिला न्यायालय के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सूरजपुर जिले के अजबनगर कोली जोर निवासी 36 वर्षीय राजकुमार यादव को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से झोले में 9 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# चल रही थी हल्दी की रस्म, खुशी में नाचती मां की गिरकर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामनगर

- अस्पताल में तोड़ा दम, मातम में बदली खुशियां

गांव के धौरापारा निवासी फूलचंद के घर गुरूवार को मंडप में बेटी दिलबसिया के विवाह के लिए हल्दी की रस्म चल रही थी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं हंसी-ठिठोली के साथ दिलबसिया को हल्दी लगा रही थी। इधर बेटी के ब्याह की खुशियों में मां पछन नाच रही थी। पछन को अचानक चक्कर आया तथा वह गिरकर अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दुल्हन की मां की मौत होने की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। धवरापारा रामनगर निवासी फूलचंद के घर बेटी दिलबसिया के विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी। गुरूवार को हल्दी सहित अन्य रस्मों को पूरा किया जा रहा था। गुरूवार को सुबह डीजे की धुन पर पछन नाच रही थी। लम्बे समय तक नाचने के दौरान वह अचानक गिरकर अचेत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान



उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। परिजन अचानक आई परेशानी में व्यस्त रहे। इधर निर्धारित समय के अनुसार शुक्रवार सुबह बारात भी पहुंच गई। बारातियों को घटना की जानकारी मिली तो सभी दुखी हो गए। इधर परिजन मृतिका के अंतिम संस्कार करने की तैयारियां कर रहे थे। दुल्हन की मां की मौत होने के कारण विवाह में आ रहे अड़चन को लेकर दोनों पक्ष में काफी देर तक चर्चा हुई। अंत में दोनों पक्ष के लोगों ने अक्षय तृतीया के दिन ही विवाह की रस्म पूरा करने का निर्णय लिया।

# कार की डिक्की से 794 पाव अंग्रेजी शराब जब्त, पीछा कर पकड़ा गया तस्कर

**वाड्रफनगर।** डस्टर कार की डिक्की से पुलिस ने 794 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 94 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। बड़ी बात यह है कि तस्कर पुलिस को देखने के बाद कार लेकर तेज गति से भाग रहा था लेकिन पुलिस ने कार का पीछा कर उसे धरदबोचा। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रेमनगर की ओर से एक डस्टर कार से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। ऐसे में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में बसंतपुर व वाड्रफनर की पुलिस द्वारा बस स्टैंड वाड्रफनगर में घेराबंदी की गई। इस दौरान डस्टर कार क्रमांक एचआर 26 बीएक्स 9941 सामने से आती नजर आई। पुलिस टीम ने जब कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक साइड से निकलकर काफी तेजी से कार लेकर फरार हो गया। ऐसे में कार का पीछा कर उसे पनसरा मुख्य मार्ग पर रोका गया। पुलिस ने जब उक्त कार की तलाशी ली तो कार की डिक्की से 48 नग खुला ऑफिसर च्वाइस व्हिस्की, गोवा व्हिस्की व समेत कुल



794 पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया। जब्त शराब की कीमत 94 हजार 60 रुपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने सूरजपुर जिले के रमकोला ग्राम घुई निवासी 28 वर्षीय सोनू यादव आ. रामेश्वर यादव को धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर शराब व कार को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में बसंतपुर प्रभारी कुमार चंदन सिंह, चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह, सउनि महेंद्र दुबे, पुष्प राज सिंह, प्रधान आरक्षक बृजभान सिंह पैकरा, आरक्षक जुगेश जायसवाल, शिव पटेल, सुरेन्द्र उईके, अनिल राम सक्रिय रहे।

# मदनपुर में कार चालक ने विपरीत दिशा से दूसरी कार को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** परिवार के साथ जन्म दिन मनाकर वापस घर लौट रहे कार सवार को विपरीत दिशा से दूसरे कार चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में कार सवारों को चोट आई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि सुरजपुर मानपुर वार्ड क्रमांक 14 निवासी प्रार्थी 32 वर्षीय सौरभ श्रीवास्तव पिता स्व. ओमप्रकाश लाल गुरुवार 9 मई की रात पत्नी, बच्चे व मित्र डीहू सिंह और उसकी पत्नी व बच्चों के साथ अंबिकापुर सकालो में जन्मदिन समारोह में शामिल



होकर रात करीब पौने बारह बजे अपनी सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 8336 में वापस घर लौट रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम पंचायत मदनपुर के पास कार क्रमांक सीजी 15 सीवी 6718 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की कार को विपरीत दिशा से जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में आसपास लोगों की मदद से कार सवार घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 15 सीवी 6718 के चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

10- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/10/2024 8:04 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की मेगालोपोलिस का टीजर जारी

महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके



दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है। फिल्म में ड्राइवर के साथ-साथ ऑस्कर विजेता फॉरेस्ट व्हिटेकर, जॉन वोइट और कैथरीन हंटर के साथ-साथ नथाली इमैनुएल, ऑब्रे प्लाजा और शिया ला बियॉफ जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। कोपोला ने अपने परिवार के सदस्यों को भी सूचीबद्ध किया है, जिसमें उनकी बहन तालिया शायर और भतीजे जेसन श्वार्टजमैन फिल्म में दिखाई देंगे। फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ने इंस्टाग्राम पर अपनी उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्म 'मेगालोपोलिस' का पहला टीजर पोस्ट किया। टीजर के साथ, उन्होंने कैप्शन में अपनी दिवंगत पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा, 'मेगालोपोलिस हमेशा से मेरी प्रिय पत्नी एलेनोर को समर्पित फिल्म रही है। मुझे वास्तव में इस 4 मई को उनका जन्मदिन एक साथ मनाने की उम्मीद थी। लेकिन दुख की बात है कि ऐसा नहीं हुआ, इसलिए मुझे उनकी ओर से सभी के साथ एक उपहार साझा करने दीजिए।' 'मेगालोपोलिस' के कथानक के बारे में विवरण रहस्य में डूबा हुआ है। रिपोर्टों से पता चलता है कि 'मेगालोपोलिस' एक आधुनिक रोमन महाकाव्य है जो सर्वनाश के बाद के न्यूयॉर्क शहर में स्थापित है। टीजर में कोई संवाद नहीं है, लेकिन दृश्य महत्वाकांक्षा, सामाजिक पतन और पुनर्निर्माण के संघर्ष के विषयों की कहानी की ओर इशारा करते हैं। टीजर की रिलीज आगामी 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के साथ मेल खाती है, जहां 'मेगालोपोलिस' का प्रीमियर 17 मई, 2024 को होने की अफवाह है। यह कोपोला के लिए प्रतिष्ठित फेस्टिवल सर्किट में एक महत्वपूर्ण वापसी का प्रतीक होगा।

### टॉलीवुड

## विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर जारी हुआ नई फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर

सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के फैंस के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। आज उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी नई फिल्म की घोषणा हो चुकी है। वह जल्द ही निर्माता दिल



राजू की फिल्म में काम करते नजर आएंगे। विजय के जन्मदिन के खास दिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक कॉन्सेप्ट पोस्टर जारी कर दिया गया है।

फिलहाल फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। नाम फाइनल होने तक इसे 'एसवीसी 59' से जाना जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह एक ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इसका निर्देशन रवि किरण कोला करेंगे। रवि इससे पहले 'राजा वरु रानी गारू' को भी डायरेक्ट कर चुके हैं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी।

'एसवीसी 59' का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स बैनर के तहत दिल राजू और शिरीष द्वारा किया जा रहा है। दिल राजू इससे पहले भी विजय के साथ काम कर चुके हैं। विजय देवरकोंडा के अलावा और कौन-कौन से कलाकार अभिनय करेंगे, इसके बारे में भी फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फैंस को उम्मीद है कि जल्द ही इसका भी एलान कर दिया जाएगा। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा।

### भोजपुरी

## 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर रिलीज, दिल में उतर जाएगी रिंकू, गौरव, संचिता और देव की फिल्म

नई भोजपुरी फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय कुमार झा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी



और देव सिंह लीड रोल में हैं। करीब 4 मिनट के इस ट्रेलर में इस फैमिली ड्रामा की पूरी झलक देखने को मिलती है। 'भाभीजी घर पे है' के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म में रक्षा गुप्ता और राकेश बाबू भी प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। अजय कुमार झा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के ट्रेलर में गानों की भी झलक देखने को मिली है, जो फिल्म के लिए उत्साह बढ़ा रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर प्रदीप सिंह कहते हैं, 'फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर में साफ दिखाई दे रही है। यह पूरी तरह से कमर्शियल फिल्म है, लेकिन इसमें सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का पूरा खयाल रखा गया है। जब दर्शक यह फिल्म देखें तो महसूस कर पाएंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली है।'

'भाभीजी घर पे है' के ट्रेलर की शुरुआत रिंकू घोष और देव सिंह के साथ होती है, जो बड़े भाई और बड़ी भाभी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में गौरव सिंह और संचिता बनर्जी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यह फिल्म बॉलीवुड में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्मों की याद दिलाती है, जहां कहानी के केंद्र में परिवार रहता है। मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज की तारीख को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है।'

फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू जहां प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## फैशन के साथ हरियाली

"पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में क्रिश्चियन डायर वूमेन्सवियर स्प्रिंग/समर शो के समापन के दौरान रनवे पर मॉडल ने हरी-भरी दुनिया का संदेश दिया। डायर शो ने पेरिस फैशन वीक गार्डन बनाने के लिए वनस्पति विज्ञानियों और शहरी भूस्वामियों के एक समूह, कोलोको के साथ साझेदारी की। इनके माध्यम से पर्यावरण बचाने जागरुकता अभियान भी चलाया गया।

लाइफ स्टाइल



## पलकों को घना और लंबा बनाने में कारगार है ये तेल, कुछ ही दिनों में दिखेगा असर

हम सभी चाहते हैं हमारी पलकें लंबी और घनी नजर आए। इसके लिए आपको मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। जरूरी नहीं है कि इन प्रोडक्ट्स में मौजूद केमिकल आपके लिए फायदेमंद साबित हों।

पलकों के बालों की देखभाल करने के लिए आप घरेलू चीजों की मदद लेकर तेल तैयार कर सकती हैं। तो आइये जानते हैं घनी और लंबी पलकों के लिए किन चीजों का करें इस्तेमाल। साथ ही, जानेंगे इन चीजों से मिलने वाले फायदों के बारे में-लंबी और घनी पलकों के लिए एलोवेरा जेल बादाम का तेल आजमाएं।



**पलकों पर एलोवेरा जेल को लगाने के फायदे क्या हैं?:** एलोवेरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आइब्रो के बालों को पोषण देने में मदद करते हैं। यह त्वचा के रूखेपन को कम करने में मदद करता है। बालों और स्किन को डीप क्लीन करने के लिए एलोवेरा बेहद फायदेमंद होता है।

बादाम के तेल को आईलैशेज पर लगाने से क्या होता है?

नए बाल उगाने में बादाम का तेल सहायता करता है। यह बालों को सही मात्रा में पोषण देने में मददगार है।

**लंबी और घनी पलकों के लिए घरेलू उपाय:** एक बाउल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल के डालें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर डालें। दोनों चीजों को मिक्स करके आप स्पूली ब्रश की मदद से आईलैशेज के बालों पर लगाएं। रोजाना रात को सोने से पहले नाइट स्किन केयर रूटीन में इस तेल को शामिल कर सकती हैं। रात भर लगे रहने से यह आपके आईलैशेज को मॉइस्चराइज करने में भी मदद करेगा।

## चुभती-जलती गर्मी के दौर में ट्रेंड कर रहा को-ऑर्ड सेट, जरूर आजमाएं




गर्मी के इस मौसम में महिलाएं ऐसे कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करती हैं, जो उन्हें आराम तो पहुंचाएं ही, साथ ही में वो ऐसे कपड़ों को प्राथमिकता देती हैं, जिनकी वजह से उनके स्टाइल में कोई कमी न आने पाए। इन कपड़ों में अब को-ऑर्ड सेट का नाम भी जुड़ने लगा है। चाहे कॉलेज हो या फिर दफ्तर, या कहीं घूमने ही जाना हो, हर जगह के लिए को-ऑर्ड सेट परफेक्ट माना जाता है। ये काफी आरामदायक होता है। को-ऑर्ड सेट पहनकर स्टाइल काफी अच्छा दिखने लगता है।

**कृति सेनन:** अगर किसी पार्टी के हिसाब से को-ऑर्ड सेट खरीदने का सोच रही हैं, तो कृति का ये को-ऑर्ड सेट एक बेहतर विकल्प है। ये वन शोल्डर को-ऑर्ड सेट है, जो आपको ग्लैमरस दिखने में मदद करेगा।



**कटरीना कैफ:** ऑफिस के हिसाब के लिए आप इस तरह का ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट होने की वजह से गर्मी के मौसम में काफी कूल दिखेगा। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें।

**सोनाक्षी सिन्हा :** गर्मी के मौसम में महिलाएं फ्लोरल प्रिंट के कपड़े पहनना काफी पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी सोनाक्षी के इस लुक से टिप्स लेकर अपने लिए को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। ऐसा ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट बॉस लेडी लुक कैरी करने में मदद करता है।

**सारा अली खान:** को-ऑर्ड सेट में ग्लैमरस दिखने के लिए आप सारा के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं। ऐसी मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप आपके लुक को खूबसूरत के साथ ग्लैमरस दिखने में मदद करेगी।

**हुमा कुरैशी:** अगर ऐसा को-ऑर्ड सेट पहनना चाहती हैं, जो देखने में कूल हो तो आप हुमा कुरैशी के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं। गर्मी के मौसम में ब्लैक रंग ज्यादा सही नहीं रहता। ऐसे में आप किसी हल्के रंग का भी ऐसा को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं।

**कियारा आडवाणी:** एक्ट्रेस कियारा का ये को-ऑर्ड सेट हर किसी को काफी पसंद आया है। अगर आप किसी पार्टी में बोल्ड लुक कैरी करना चाहती हैं, तो उसके लिए कियारा के इस लुक से टिप्स लें। ये को-ऑर्ड सेट सफेद रंग का है, ऐसे में इसके साथ मेकअप करते वक्त थोड़ा ध्यान रखें।

## साड़ी के साथ स्टाइल करें मल्टी कलर कंगन, निखरेगी खूबसूरती

जब भी हम मार्केट जाते हैं, तो गले और कानों में पहनने के लिए फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी की खरीदारी करते हैं। लेकिन हाथों में पहनने के लिए एक्सेसरीज खरीदना अक्सर भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारी महिलाएं चूड़ी पहनकर रखने की वजह से कुछ नया लेने के बारे में सोच नहीं पाती। लेकिन इस बार अपने हाथों को सुंदर दिखाने के लिए चूड़ी नहीं कंगन की खरीदारी करें। आजकल मार्केट में आपको हर एक मेटल के अलग-अलग डिजाइन के कंगन मिल जाएंगे। इससे आपके हाथ और भी ज्यादा सुंदर नजर आएंगे। इस बार मल्टीकलर कंगन सेट को वियर करें। इससे हाथ अच्छे लगेंगे।

### मल्टीकलर गोल्ड प्लेटेड कंगन

अगर आपको गोल्ड की ज्वेलरी पहनने का ज्यादा शौक है, तो इस तरह की डिजाइन वाले कंगन को खरीद सकती हैं। इसमें आपको गोल्ड प्लेटेड कंगन मिलेंगे, जिसके ऊपर मल्टी कलर बीड्स का डिजाइन मिलेगा। आप चाहें तो इसे मोटे कंगन डिजाइन में ले सकती हैं, या पतले कंगन डिजाइन में ले सकती हैं। इस तरह के कंगन डिजाइन दिखने में अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसे



आप चाहें तो रोजाना वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के कंगन आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएंगे।


### स्टोन वर्क मल्टी कलर कंगन

अगर आप किसी शादी या फंक्शन में जानें के लिए शादी के साथ कंगन सर्च कर रही हैं, तो इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के कंगन में आपको पूरे में स्टोन वर्क मिलेगा। साथ में गोल्डन वर्क भी नजर आएगा। कंगन आपको चौड़े ही मिलेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरह का डिजाइन पतले कंगन में अच्छा नहीं मिलेगा। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए। आप इसे मार्केट से 2 के सेट में खरीद सकती हैं।

## ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत बनाएंगी मोतियों से बनी ये लटकन, देखें डिजाइंस

फैशन इंडस्ट्री में आजकल मोतियों का इस्तेमाल हर जगह किया जा रहा है। पहले मोती केवल ज्वेलरी का हिस्सा होते थे, मगर अब आपको आउटफिट्स में भी पर्ल वर्क देखने को मिल जाएगा। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने तो आउटफिट्स में पर्ल का बहुत ही खूबसूरत काम पेश किया है। पर्ल ब्लाउज आजकल काफी लोकप्रिय हो रहे हैं और साड़ी एवं लहंगों के साथ इन्हें पेयर आप कर महिलाएं बहुत ही खूबसूरत लुक पा सकती हैं।

इसके अलावा आप अपने साड़ी और लहंगे के ब्लाउज को खूबसूरत अंदाज देने के लिए पर्ल वाली लटकन का प्रयोग कर सकती हैं। इस तरह की लटकन आपको बाजार में मिल जाएगी, साथ ही इसमें आपको बहुत सारी वेराइटी भी देखने को मिल जाएगी। आप अपने ब्लाउज की स्टाइल के आधार पर इनका चुनाव कर सकती हैं। आज हम आपको पर्ल वाली लटकन के कुछ डिजाइंस दिखाएंगे। बाजार में आपको यदि ऐसी लटकन न मिले तो आप रॉ मटेरियल खरीद कर खुद भी डीआईवाई कर सकती हैं।



### छोटी मोती वाली लटकन

आपको बाजार में छोटी लटकन में मोती वर्क खूब मिल जाएगा। अगर आपको बहुत हैवी लटकन अपने ब्लाउज में नहीं लगवानी है, तो इस तरह की लटकन आप लगवा सकती हैं। खासतौर पर अगर आपकी ब्लाउज की बैक डिजाइन हैवी है, तो लाइटवेट और डिजाइन वाली लटकन ज्यादा अच्छी लगेगी। इसमें 2 से 3 लड़ वाली लटकन आपको मिल जाएगी।

### कार्नर न्यूज

## गर्मियों में ठंडी जगह घूमने जा रहे हैं तो रहें सतर्क

## यात्रा के दौरान भी चाहिए दमकती त्वचा तो रखें इन बातों का ध्यान, वरना स्किन भी करेगी 'सफर'

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे घूमना-फिरना पसंद नहीं होगा। आज के समय में तो जैसे ही लोगों को अपने व्यस्त जीवन से थोड़ी सी राहत मिलती है तो वो अपने परिवार संग घूमने निकल जाते हैं। ठीक इसी तरह बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाशते रहते हैं। घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। दरअसल, सफर के दौरान मिलने वाली धूप, धूल, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ता है। ऐसे में एक्ने, ब्रेक आउट, सन बर्न, डार्क स्पॉट का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने के बाद ट्रैवलिंग के दौरान आपकी स्किन सफर नहीं करेगी। इसके लिए आपको सिर्फ कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी और कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ेगा।



### साथ में रखें ट्रैवल साइज स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो भी उन स्किन केयर प्रोडक्ट्स को हमेशा अपने साथ ही रखें। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते तो आपको इसके लिए बाजार में पैकेट्स मिल जाएंगे, जिनमें आप अपने प्रोडक्ट कैरी कर सकते हैं।

### साथ में रखें मॉइस्चराइजर

अपने साथ हर हालत में मॉइस्चराइजर जरूर रखें। दरअसल, बदलते मौसम की वजह से त्वचा की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी स्किन को सही रखने में मदद करेगा।

### इस्तेमाल करते रहें सनस्क्रीन

भले ही आप रोड ट्रिप पर हों लेकिन तब भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।



### शीट मास्क को रखें पास

अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखें। ये स्किन को हाइड्रेट तो करता ही है और साथ में चेहरे को इंस्टेंट ग्लो देता है। इसका इस्तेमाल आप ट्रेन और बस में भी कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### सौम्या ने चार विषय में डिस्टेंशन के साथ उत्तीर्ण की हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा


**सलका अधिना।** विकासखंड भैयाथान एडी जुबली मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल भटगांव में अध्ययनरत कॉमर्स विषय की छात्रा सौम्या सिंह ने



स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के साथ 425 अंक प्राप्त करते हुए 85 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। सौम्या सिंह भैयाथान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौधी निवासी राजेश सिंह और सुषमा सिंह की पुत्री है। छात्रा सौम्या सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों के साथ साथ अपने सहपाठियों को दिया। सौम्या पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी विशेष रुचि रखती है। छात्रा सौम्या सिंह देश सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है जिसके लिए सौम्या सिंह आर्मी की तैयारी भी कर रही है।

### 10वीं परीक्षा में एडी जुबली स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वी की परीक्षा में भटगांव नगर पंचायत से



उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस वर्ष भी भटगांव में अंडा दुकान संचालक विजय शर्मा के पुत्र विवेक शर्मा ने 10वीं परीक्षा में टॉप अंक प्राप्त कर पूरे भटगांव नगर पंचायत में प्रथम स्थान हासिल किया। विजय शर्मा ने बताया कि वे पढ़ नहीं सके लेकिन पुत्र ने आज जो कर दिखाया उससे पूरा परिवार खुश है। एडी जुबली स्कूल के फादर जोसफ धनस्वामी ने बताया कि विवेक पढ़ाई में अच्छा है और उसके टॉप में आने पर गर्व है। एडी जुबली स्कूल 10वी मे विवेक शर्मा ने 559 अंक प्राप्त 93.17 प्रतिशत वहीं हाई स्कूल भटगांव में आदित्य शर्मा 600 में 545 अंक हासिल 90.83 प्रतिशत तथा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में पिंकी गुप्ता ने 600 में 510 अंक प्राप्त 85 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है।

### अंजना तिर्की ने 83.8 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा

**झींगो।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



सेवारी में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत अंजना तिर्की ने 419 अंक प्राप्त कर 83.8 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। अंजना तिर्की स्कूल में प्रथम स्थान हासिल की है और अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### हाई स्कूल परीक्षा में 95.16 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रही माही साहू

**रामानुजनगर।** माशिमं द्वारा 10वीं का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया जिसमें



विकासखंड के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भूनेश्वरपुर की छात्रा कुमारी माही साहू ने 95.16 प्रतिशत लाकर पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान हासिल की है। माही साहू रामविलास साहू की पौत्री एवं राजेश कुमार साहू और उमापति साहू की सुपुत्री है। माही साहू ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक, माता-पिता व परिवार के सभी सदस्यों को दिया।

### वैष्णवी ने 12 बोर्ड में अर्जित किए 92 फीसदी अंक

**राजपुर।** विकासखंड के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालय राजपुर की छात्रा कु. वैष्णवी



मंडलेकर ने हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2024 में वाणिज्य संकाय में 92 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। मेधावी छात्रा वैष्णवी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता को दिया है। छात्रा कुमारी वैष्णवी मंडलेकर के पिता अतुल मंडलेकर राजीव गांधी आदर्श विद्यालय स्कूल राजपुर के उप प्राचार्य हैं।

### अमृता ने दसवीं बोर्ड में ब्लॉक स्तर पर हासिल किया प्रथम स्थान

**राजपुर।** 10 वीं 12वीं की परीक्षा परिणाम में जिले व ब्लाक के कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



परीक्षा परिणाम में जहां लड़कियों ने ब्लाक जिले व प्रदेश स्तर पर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है तो वहीं लड़के भी इसमें पीछे नहीं रहे। राजपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने 96.83 प्रतिशत अंक लाकर ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। विकासखंड राजपुर के स्वामी आत्मानंद में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा कु अमृता यादव पिता संदीप कुमार सिंह यादव ने अपनी कड़ी मेहनत से छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में 96.83 प्रतिशत अंक लाकर ब्लाक में प्रथम स्थान हासिल करते हुए जिले व राजपुर का नाम रोशन किया है। अमृता यादव विकास खंड राजपुर के पूर्व माध्यमिक शाला बुढाबग़ीचा में शिक्षक के पद पर पदस्थ अजीत कुमार यादव की भतीजी एवं राजपुर के पूर्व बीईओ स्व. आर एन एस यादव की नातिन है।

## उत्तर भारत में सक्रिय हुआ नया सिस्टम

# पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से चार दिनों तक गर्मी से रहेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभाव से मौसम ने एक बार फिर करवट बदला है। मौसम में आए बदलाव के कारण फिलहाल तापमान में वृद्धि नहीं होने एवं गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों तक विक्षोभ के प्रभाव से तेज रफ्तार हवाओं एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने एवं तापमान के सामान्य स्थिति में रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। अप्रैल के महीने में मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बाद मई में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन मई के शुरूआत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से गर्मी से राहत रही। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद 5 मई को पहली बार दिन का तापमान 41.2 डिग्री पहुंचा तो लोग बेचैन हो उठे।

**खास बात**

- चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका की सक्रियता से पहुंच रही पर्याप्त नमी

इसी दौरान दूसरे विक्षोभ की सक्रियता से तापमान गिरने के कारण गर्मी से राहत मिल गई। तीन दिन पूर्व सक्रिय हुए पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभाव से पछुआ विक्षोभ को ताकत मिलने के कारण अभी भी विक्षोभ प्रभावी है। विक्षोभ के प्रभाव से गुरूवार को देर शाम गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कमोवेश वर्षा हुई जिसके प्रभाव से एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। इधर उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके आगामी 3-4 दिनों तक प्रभावी रहने का अनुमान है। ऐसे में अब मई के प्रथम पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। निकट भविष्य में कोई दूसरा विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ तब भी मध्य मई तक तापमान के सामान्य के निकट रहने एवं भीषण गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस दौरान दिन में आसमान साफ रहेगा लेकिन शाम ढलते ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ तेज हवा गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना रहेगी। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि इस दौरान धूप-छांव की स्थिति बनने के कारण दिन का तापमान सामान्य रहने का अनुमान है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

**पहुंच रही पर्याप्त नमी**

वर्तमान में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के साथ ही पूर्वोत्तर आसमान एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में 1.5 किमी ऊपर, उत्तर-पश्चिम राजस्थान एवं आसपास के क्षेत्रों में 1.5 किमी ऊपर, उत्तर बिहार एवं आसपास के क्षेत्रों के 3.1 किमी ऊपर, मध्यप्रदेश के 1.5 किमी ऊपर, केरल एवं आसाम के 1.5 किमी ऊपर तथा पूर्वोत्तर अरब सागर से गुजरात तट तक चक्रिय चक्रवाती परिसंचरण वहीं उत्तर बिहार से उत्तर उड़ीसा तक द्रोणिका सक्रिय है। आधा दर्जन से अधिक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से बंगाल की खाड़ी व अरब सागर से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिससे विक्षोभ को ताकत मिल रही है। वातावरण की नमी आगामी दिनों में तापमान को नियंत्रित करने की सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

**अच्छे मानसून के लिए गर्मी जरूरी**

मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून के समय पर पहुंचने के लिए भीषण गर्मी पड़ना जरूरी है। उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ती है तो हवा गर्म होकर ऊपर उठ जाती है तथा कम दबाव का क्षेत्र निर्मित होता है। यहीं से भारत सहित अन्य क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र बनने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। यही कारण है कि राजस्थान एवं सीमावर्ती पाकिस्तान में हर साल भीषण गर्मी पड़ती है। इसी गर्मी से हिन्द महासागर के रास्ते आने वाली मानसूनी तरंगों को अपनी ओर खींचने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र बनने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। यह प्रक्रिया जितनी तेज होती है मानसूनी तरंगों की भी गति हो जाती है तथा मानसून इसी लो प्रेशर के अनुसार अपनी यात्रा करता है। अभी राजस्थान में भीषण गर्मी नहीं पड़ी है। राजस्थान की भीषण गर्मी का प्रभाव छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों पर भी पड़ता है तथा गर्म हवा के थपेड़े चलना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में मई के उतरार्द्ध में गर्मी बढ़ने की संभावना है।

## भगवान परशुराम जयंती पर विधि-विधान से स्थापित किया गया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आज कुसमी शिव मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ शिव मंदिर प्रांगण से सब्जी मंडी तक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रैली निकाली गई। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व से स्थापित भूमि स्थल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर मंत्र उच्चारण एवं पूजा अर्चना के साथ झंडा को स्थापित किया गया। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर काफी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के पुरुष, महिलाएं व युवा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्व ब्राह्मण समाज कुसमी के अध्यक्ष सुरेश वैद्य ने कुसमी विकासखंड सहित देश में अमन चैन शांति बना रहे इसकी कामना की। इस दौरान समाज के मदन तिवारी, उमेश्वर ओझा, नागेंद्र तिवारी, अरविंद तिवारी, राम गोविंद पांडेय, हरिशंकर मिश्र, श्रवण दुबे, रविन्द्र ओझा, राकेश भारती, पंकज दुबे, प्रद्युमन तिवारी, दिनेश तिवारी, शशांक दुबे, पुष्पेंद्र ओझा, सुनील तिवारी, अरुण तिवारी, हरकेश भारती, विश्वनाथ तिवारी, उमेश पांडेय, नितेश तिवारी, अरुण तिवारी, शैलेश चौबे, अनुज पांडेय, शुभम तिवारी, नितेश भारती, सुशील दुबे, उमंग तिवारी, प्रियांशु ओझा, सौरभ दुबे, गौरव दुबे, वंश दुबे, लक्ष्य दुबे, शुभम भारती, प्रिंस भारती, अमृत भारती, अभिनव तिवारी, दीपक तिवारी, महिला नारी शक्ति प्रियंका तिवारी, मनीषा तिवारी, पूनम तिवारी, शकुंतला तिवारी, अंजू तिवारी, बीना तिवारी, रेखा देवी, रंभा पांडे, पूजा देवी, पूनम दुबे, पूनम तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव बाजे-गाजे के साथ निकाली गई बाइक रैली

**रामानुजगंज।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया को नगर एवं आसपास क्षेत्र के विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही राम मंदिर में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। वही सामूहिक आरती एवं हवन के बाद विशाल बाइक रैली गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में निकली। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन राम मंदिर में किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से नगर में भव्य रूप से भगवान परशुराम की जयंती नगर के विप्र समाज द्वारा मनाई जाती है। आयोजन को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी समाज द्वारा प्रारंभ कर दी जाती है। भगवान परशुराम जयंती को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही राम मंदिर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं हवन किया गया। विप्र समाज के सैकड़ों लोगों द्वारा सामूहिक रूप से आरती एवं हवन पश्चात बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में बाइक रैली निकाली गई। चिलचिलाती धूप में भी विप्र समाज के लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। बाइक रैली नगर के प्रमुख चौक चौराहे होते हुए वापस राम मंदिर में आकर समाप्त हुई। मंदिर में परशुराम के जीवन चरित्र पर चर्चा उपरांत विशाल भंडारे का सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान धनंजय पाठक, अनूप तिवारी, आरएस तिवारी, अरविंद दुबे, पारस नाथ पांडे, मधुसूदन चौबे, राम शंकर दूबे, मनोज दुबे, एमडी पांडे, रमाकांत शर्मा, दीपक दुबे, विकास दुबे, यशपाल दुबे, विनय पांडे, सचिदानंद तिवारी, मनोज तिवारी, दामोदर मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।



## तेज आंधी से रेल लाइन पर गिरा पेड़, दो घंटे खड़ी रह गई मेमू ट्रेन

**बिश्रामपुर।** करंजी-सूरजपुर रेल खंड अंतर्गत शुक्रवार को तेज आंधी तूफान की वजह से एक पेड़ के रेलपथ पर गिर जाने से करीब दो घंटे तक शहडोल अंबिकापुर मेमू ट्रेन सुरजपुर स्टेशन में खड़ी रह गई । जानकारी के अनुसार करंजी-सूरजपुर के किलोमीटर 1008 का 3-4 करंजी सूरजपुर रेल खंड पर शुक्रवार को आंधी तूफान की वजह से एक पेड़ रेल पथ पर गिर गया था। जिस वजह से रेल यातायात बाधित हुआ। बताया जा रहा है कि शहडोल-अंबिकापुर मेमू यात्री ट्रेन को सूरजपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग दो घंटे खड़ी कर रखी गई थी। रेल खंड पर करीब दो घंटे बाद काफी मशक्कत उपरांत दुरुस्त करके रेल आवागमन को बहाल कराया जा सका।

## चेन मार्किंग कंपनी में नौकरी के नाम पर 70 हजार की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चार लोगों को जोड़ने पर किया कमीशन का वादा, बेचने के लिए थमाए कपड़े

निजी कंपनी द्वारा नौकरी लगाने व चेन मार्केटिंग में कपड़ा बिकवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 76 हजार व कम्पनी के बिल व दस्तावेज जब्त किए है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी बालेश्वर राजवाड़े को उसके पूर्व परिचित व्यक्ति द्वारा नवापारा में संचालित वर्चुअल फैशल असिस्ट प्राईविट लिमिटेड कंपनी में नौकरी दिलवाने की बात कही गई थी। पूर्व परिचित की बातों में आकर युवक ने अपने दस्तावेज दे दिए जिसके बाद कम्पनी के सीईओ विनय जायसवाल व एमडी सुनील जायसवाल द्वारा उसे कम्पनी में ज्वाइनिंग देने के साथ ही 4





दिनों की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान उससे 70 हजार रुपए कम्पनी में काम करने के लिए लिया गया और उसे 70 हजार रुपए के कपड़े बाजार में बेचने के लिए दिए गए थे। इस दौरान युवक को बताया गया था कि कम्पनी में चार अन्य लोगों को जोड़ने पर उसे 60 हजार रुपए कमीशन देने की बात भी कही गई थी।

ऐसे में युवक ने जब कम्पनी में काम करते हुए चार लोगों को ज्वाइन कराया तो उसे सिर्फ 1900 रुपए दिए गए। वहीं कम्पनी से जो कपड़े दिए गए वो बाजार मूल्य से काफी अधिक निकले ऐसे में युवक 16 फरवरी को कम्पनी के ऑफिस पहुंचा तो ऑफिस बंद था। जब युवक कम्पनी के सीईओ और एमडी से मिलने उनके ऑफिस पहुंचा तो बताया गया कि कम्पनी को बंद किया जा रहा है और कर्मचारियों को भी निकाला जा रहा है। ऐसे में उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। बालेश्वर राजवाड़े ने घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की थी पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मामले में बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर केसारी निवासी 32 वर्षीय सुनील जायसवाल व 25 वर्षीय विनय जायसवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में वर्चुअल फैशन असिस्ट प्रा लि कम्पनी के खातों कों होल्ड कराया है जिसमें जिसमे 76424 रुपए जमा है। वहीं कम्पनी के दस्तावेज जब्त करने के साथ ही दोनों युवकों को धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, एसआई रश्मि सिंह, सउनि अनिल कुमार पाण्डेय, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय शामिल रहे।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेजेश जयनगर का प्रदर्शन रहा शत-प्रतिशत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के जारी परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर के छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जारी परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं में पढ़ने पांच छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्रेरणा शाह ने 93.6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। सक्षम कुशवाहा ने 92.3 प्रतिशत ने द्वितीय व नमन कुशवाहा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शशि राजवाड़े ने 91.30 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। गोविन्द ज्ञान देव ने 91 प्रतिशत अंक के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया है। 12 वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में पढ़ने वाले रूद्र मैटी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त हासिल किया है। आनंद उपाध्याय व प्रीतम शाह ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया है। चंदना विश्वास ने 77 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान संकाय कक्षा 12 वीं में अध्यनरत वैष्णवी सिंह ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज जायसवाल ने 76.2 प्रतिशत, आशुतोष भारती ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बोर्ड के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल एवं सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।









### सेजेस जयनगर में पहली कक्षा में प्रवेश हेतु 14 को निकलेगी लॉटरी

लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में सत्र 2024-2025 में कक्षा पहली के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु अब 14 मई को एसडीएम सुरजपुर की उपस्थिति में लॉटरी निकाली जाएगी। ज्ञात हो कि सेजेश पोर्टल के माध्यम से 10 अप्रैल से 5 मई तक आवेदन भरा गया है। जिसमें महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही रिक्त सीटों का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं होने पर बालकों से सीट भरी जाएगी। रिक्त पद्यों के 25 प्रतिशत सीटों के आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा तथा अधिक पात्र आवेदक होने पर लॉटरी सिस्टम से चयन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी स्वामी सेजस जयनगर के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल ने देते हुए बताया कि आज शनिवार 11 मई को पात्र/अपात्र की सूची जारी की जाएगी। 12 व 13 मई तक दावा आपत्ति करने का समय निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात 14 मई को लॉटरी सिस्टम से छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

## कलेक्टर ने 12वी बोर्ड परीक्षा के मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परीणाम जारी किया गया जिसमें स्वामी विवेकानन्द पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवनानदनपुर का छात्र नीरज शर्मा ने कक्षा बारहवीं में 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवा स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया । जिले में कक्षा 12 वीं में नीरज शर्मा 95.20 प्रतिशत प्रथम, आसिफ खान 93.60 प्रतिशत द्वितीय, अमन साहू 92.60 प्रतिशत तृतीय स्थान एवं कक्षा 10 वीं में निकिता वर्मा 96.33 प्रतिशत प्रथम , आकाश कुमार साहू , माही साहू 95.17 प्रतिशत द्वितीय, आर्शी जायसवाल, अभिषेक कुमार साहू 94.83 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।













